TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

17 जुलाई 2025


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक शिक्षक को शिक्षा दिल से देनी चाहिए।

मौलाना अबुल कलाम आजाद



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# विश्व इमोजी दिवस 17 जुलाई




इमोजी के बिना अधूरी है फोन से लेकर सोशल मीडिया तक की लाइफ, 17 जुलाई को विश्व इमोजी दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2014 से प्रतिवर्ष 17 जुलाई को यह दिवस इसी दिन मनाया जाता है। वर्ल्ड इमोजी डे 2019 में स्माइलिंग फेस विथ हार्ट को दिया गया था। मोस्ट पॉपुलर न्यू इमोजी की शुरूआत सोशल मीडिया तथा इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साथ ही इसका उपयोग भी तेजी से होता चला गया। वैसे विश्व इमोजी दिवस की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के जेरेमी बर्ज ने की थी। आज इमोजी हम सब को चैट से लेकर, व्हाट्सऐप स्टेट्स, मैसेज, ट्वीट और फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म्स का जरूरी हिस्सा बन चुकी है। आज बन चुका है लाइफ का अहम हिस्सा, इमोजी एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए हम अपनी भावनाओं का इजहार सेकेंड्स के अंदर कर सकते हैं। । 'इमोजी' जपानी भाषा के शब्द इ (पिक्चर) और मोजी (पात्र) से मिलकर बना है। एक सर्वे में यह बात सामने निकलकर आई थी कि भारत में लोग सबसे अधिक खुशी के आंसू और 'ब्लोइंग अ किस' इमोजी का उपयोग करते हैं। जिस इस्माइली फेस का आज सबसे अधिक इस्तेमाल होता है उसे अमेरिका के हार्वी रोस बॉल ने बनाया था। धीरे-धीरे यह इतना लोकप्रिय हो गया कि आज हर प्लेफॉर्म्स पर उपलब्ध है।इमोजी एक जापानी शब्द है जिसका मतलब 'पिक्चर वर्ल्ड' अर्थात 'फोटो की दुनिया' है। विश्व की पहली इमोजी बनाने का श्रेय जापानी मोबाइल ऑपरेटर एन.टी.टी, डो.को.मो में काम करने वाली इंजीनियर शिगेटका कुरीता को जाता है। उन्होंने 1999 में पहली बार इमोजी बनाया था। 2010 से इमोजी का प्रचलन और ज्यादा बढ़ गया जब यूनिकोड के द्वारा इसे पहचान मिली।

## पुण्यतिथि विशेष 17 जुलाई




**एडम स्मिथ** *Adam Smith* ; जन्म- 5 जून या 16 जून, 1723, स्कॉटलैण्ड, ग्रेट ब्रिटेन; मृत्यु- 17 जुलाई, 1790) एक प्रसिद्ध स्कॉटिश नीतिवेत्ता, दार्शनिक और राजनैतिक अर्थशास्त्री थे। उन्हें "अर्थशास्त्र का पितामह" भी कहा जाता है।

**TOB**
**खेल कॉर्नर**

# इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स



**ऋषभ पंत**
भारत
15 टेस्ट | 36 छक्के
5 शतक



**विवियन रिचर्ड्स**
वेस्टइंडीज
36 टेस्ट | 34 छक्के
8 शतक



**टिम साउदी**
न्यूजीलैंड
22 टेस्ट | 30 छक्के
0 शतक



**यशस्वी जायसवाल**
भारत
8 टेस्ट | 27 छक्के
3 शतक



**शुभमन गिल**
भारत
13 टेस्ट | 26 छक्के
5 शतक

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 17.07.2025

## खुली पूछताछ शिक्षा

खुली पूछताछ शिक्षा (**Inquiry-based learning**) एक शिक्षण पद्धति है जिसमें छात्र, शिक्षक द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के तहत, खुद प्रश्न पूछते हैं, जानकारी खोजते हैं, और समस्याओं का समाधान करते हैं। यह पारंपरिक शिक्षा से अलग है, जिसमें शिक्षक जानकारी प्रस्तुत करते हैं और छात्र उसे याद करते हैं। खुली पूछताछ शिक्षा छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने, महत्वपूर्ण सोच विकसित करने और समस्या-समाधान कौशल में सुधार करने में मदद करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**उड़ीसा की महानदी पर बना हीराकुंड बांध दुनिया का सबसे लंबा बांध है, जिसकी कुल लंबाई 25.8 किलोमीटर है। यह भारतीय इंजीनियरिंग का एक अद्भुत उदाहरण है।**

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

वह प्रदीप जो दिख रहा है
झिलमिल,दूर नहीं है;
तक कर बैठ गए क्या राही
मंजिल दूर नहीं है।

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Teachers Of Bihar
आईना और आलोचक में
बस फर्क इतना है,
आईना तन के दाग दिखाता है
और आलोचक मन के
www.techersofbihar.org

Teachers
Of
Bihar

कक्षा की खामोशी मे भी कई आवाज़े सुनता हूँ,
हर नन्ही मुस्कान मे, अनगिनत सपने मैं बुनता हूँ।




www.techersofbihar.org


विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस
17 जुलाई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनके न्याय का समर्थन करने के लिए सभी को एकजुट करने का संकल्प ले।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारतीय अभिनेत्री एवं गायिका
बंगला सिनेमा जगत के पहले
सितारे के रूप में विख्यात

# कानन देवी

की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि।

22 अप्रैल 1916 – 17 जुलाई 1992



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

भारतीय वायुसेना के
अधिकारी,फ्लाइंग ऑफिसर
परमवीर चक्र प्राप्त

## निर्मलजीत सिंह सेखों

के जयंती पर सादर नमन।



17 जुलाई 1943 - 14 दिसंबर 1971

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



World Emoji Day
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व इमोजी दिवस
(17 JULY - 17 जुलाई)
विश्व इमोजी दिवस
की शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya